**Need to establish Mega Food Park and Integrated Cold Chain alongwith Value Addition Infrastructure in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid**

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख) :** मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र मिश्रिख कृषि बाहुल्य क्षेत्र है । कृषि ही मुख्य रूप से मेरे क्षेत्र की जनता का जीवन- यापन एवं अर्थोपार्जन का मुख्य साधन है । रवी-खरीफ सहित वार्षिक फसलों के सभी चक्रों के अन्न, सब्जी एवं फलों का उत्पादन मेरे संसदीय क्षेत्र के बहुतायत किसानों के द्वारा किया जाता है । इसलिए हमारे क्षेत्र के किसान बंधुओ के लिए उत्पादित सभी स्तर के उत्पादन को संरक्षित करने, आधुनिक भंडारण की व्यवस्था करने, खेत खलिहान से लेकर अच्छे एवं लाभकारी विपणन की व्यवस्था प्रदान करने की जरूरत है । इसके लिए मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत मेगा फूड पार्क एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन परिक्षण अवसंरचना स्थापित करने की नितांत आवश्यकता है, जिससे कि मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानों को जनहित में आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर मिल सके तथा उनकी आय को दोगुना किया जा सके । अतः माननीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के अंतर्गत अपने मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत मेगा फूड पार्क एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन परिरक्षण अवसंरचना स्थापित करायी जाये ।